BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

PROF. SANJAI MISRA
PRINCIPAL
EMAIL: bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513
DATE: 01/10/2023

भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय" राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

आज दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को *बी०एस०एन०वी० पी०जी० कॉलेज, लखनऊ के राष्ट्रीय सेवा योजना* की सभी ईकाईयों के तत्वावधान में "भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय" राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश अनुसार *स्वच्छता ही सेवा अभियान* के अंतर्गत गोमती नदी के झूलेलाल घाट पर एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया ।

जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा झूलेलाल घाट पर सिंगल यूज प्लास्टिक को उठाकर और झाड़ू लगा कर स्वच्छता हेतु श्रमदान किया गया।इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अभिषेक उपाध्याय द्वारा सभी छात्रों को शपथ दिलाई गई की वे अपने आसपास के नागरिकों को स्वच्छता के संदर्भ में जागरूक करेंगे और स्वच्छ भारत मिशन में हिस्सा लेने तथा एक स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० स्नेह प्रताप सिंह ने स्वयंसेवको को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया एवं प्रत्येक स्वयंसेवी को अपने घर के आस-पास एक पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया और यह बताया कि हमें प्लास्टिक से बनी हुई किसी भी वस्तु का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। पर्यावरण ऐक्टिविस्ट नन्द किशोर वर्मा ने कहा कि प्लास्टिक से जल व भूमि प्रदूषण बड़े पैमाने पर होता है और रसायन युक्त खाद के प्रयोग के कारण दूषित भूजल से कई बीमारी हो जाती हैं।

स्वच्छता और सफाई के महत्व को बताते हुए कहा कि साफ सफाई की शुरुआत हमें अपने घर से ही करनी चाहिए और आसपास भी स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।

अंत में सभी स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बना कर और रोचक नारों से आस-पास के लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में हर्षित शर्मा, शिवम वर्मा, शालिनी कुमारी, आदित्यवर्मा, कृष्ण मोहन, समेत सभी स्वयंसेवकों ने बड़-चढ़ कर अपना योगदान दिया। इस एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम में, कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गोविंद कृष्ण मिश्र ,डॉ0 स्नेह प्रताप सिंह ,डॉ0 अभिषेक उपाध्याय ,डॉ0 मंजुल त्रिवेदी, डॉ0 प्रमिला पांडे की सक्रिय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अन्त में पर्यावरण ऐक्टिविस्ट नन्द किशोर वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

Not Me But You
NATIONAL SERVICE SCHEME
S.N.V. Postgraduate College, Lucknow

Prof. Sanjai Misra
(Principal)